PLANET NEWS INDIA

Follow us on:/

मंगलवार 2 जून, 2026

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Aligarh News: 8 लाख से बना उपस्वास्थ्य केंद्र फिर बंद

अलीगढ़ के चंडौस क्षेत्र स्थित एलमपुरा गांव में करीब दो वर्ष पहले लगभग 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र (जन आरोग्य मंदिर) आज भी नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि गांव में ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, लेकिन भवन बनने के बावजूद स्टाफ की कमी के कारण केंद्र अधिकांश समय बंद रहता है। करीब 3500 की आबादी वाले इस गांव के लोगों को इलाज के लिए अब भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) या अन्य अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। शासन की योजना के अनुसार केंद्र पर सीएचओ, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती कर प्राथमिक उपचार, 16 प्रकार की जांचें और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी, लेकिन यह व्यवस्था धरातल पर नहीं उतर सकी। ग्रामीणों की शिकायतों के बाद मार्च में स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया था। 17 मार्च को अस्थायी रूप से स्टाफ की तैनाती कर केंद्र की सफाई कराई गई और एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू भी हुईं। हालांकि यह व्यवस्था केवल तीन दिन तक ही चल सकी। 20 मार्च के बाद केंद्र पर फिर ताला लटक गया और स्थिति पहले जैसी हो गई। ग्राम प्रधान लक्ष्मी शर्मा का कहना है कि पिछले दो वर्षों से उपस्वास्थ्य केंद्र बंद पड़ा है। कुछ दिनों के लिए संचालन शुरू हुआ था, लेकिन स्थायी व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिल सकी।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण लाखों रुपये की लागत से बना भवन केवल शोपीस बनकर रह गया है। इस मामले में सीएचसी चंडौस के अधीक्षक डॉ. कुलदीप राजपुरी का कहना है कि वर्तमान में एमआर वैक्सीन अभियान चल रहा है, जिसके कारण स्वास्थ्य कर्मी उसी कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही केंद्र पर नियमित स्टाफ की तैनाती कर सेवाओं को सुचारू रूप से शुरू कराया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों का सवाल यही है कि आखिर कब तक उपस्वास्थ्य केंद्र पर ताला लटका रहेगा और कब उन्हें अपने गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

## Aligarh News: घर-घर पहुंच रहीं 'अमृत मित्र

### पेयजल की गुणवत्ता जांचकर दूर कर रहीं समस्याएं



Aligarh News: अलीगढ़ में अमृत मित्र योजना के तहत 55 महिलाओं की टीम घर-घर जाकर पेयजल की गुणवत्ता जांच रही है। विशेष किट से पानी की शुद्धता परखी जा रही है और दूषित पानी या लीकेज मिलने पर तुरंत जलकल विभाग को सूचना दी जा रही है। अब तक मलखान नगर, फिरदौस नगर, जीवनगढ़, जमालपुर समेत कई इलाकों में जांच हो चुकी है। जलकल विभाग का कहना है कि जहां पानी की गुणवत्ता खराब मिलेगी, वहां तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## Aligarh News: संरक्षण के अभाव में उजड़ रहा काले हिरणों का बसेरा

अलीगढ़ का पला सल्लू काला हिरण संरक्षण केंद्र कभी काले हिरणों की बड़ी आबादी के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह केंद्र बदहाली और उपेक्षा का शिकार हो चुका है। वर्ष 2003-04 में गभाना क्षेत्र के गांव पला सल्लू में 63 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित इस संरक्षण केंद्र में एक समय करीब 1100 काले हिरण मौजूद थे, लेकिन आज उनकी संख्या घटकर महज 40 से 50 रह गई है। संरक्षण केंद्र में हिरणों के लिए बनाए गए चार तालाब सूख चुके हैं, जबकि पानी की आपूर्ति के लिए लगाए गए दोनों ट्यूबवेल भी लंबे समय से बंद पड़े हैं। चहारदीवारी और तारबंदी के अभाव में हिरण जंगल से निकलकर खेतों और सड़कों की ओर भटक जाते हैं, जहां वे सड़क हादसों और जंगली कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध कटान ने भी हिरणों के प्राकृतिक आवास को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2011 में हिरणों की संख्या घटकर 146 रह गई थी। बाद में यह संख्या बढ़कर 2013 में 235 और 2015 में करीब 350 तक पहुंची,



लेकिन संरक्षण और सुविधाओं की कमी के चलते एक बार फिर तेजी से गिरावट दर्ज की गई।वर्तमान स्थिति में यह संरक्षण केंद्र हिरणों से ज्यादा निराश्रित पशुओं का ठिकाना बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले यहां बड़ी संख्या में काले हिरण दिखाई देते थे और दूर-दूर से पर्यटक भी आते थे, लेकिन अब घंटों घूमने पर भी एक-दो हिरण ही नजर आते हैं। गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण हिरण खेतों की ओर चले जाते हैं, जहां उनकी जान को लगातार खतरा बना रहता है। हालांकि वन विभाग ने अब संरक्षण केंद्र के पुनर्विकास का आश्वासन दिया है। प्रभागीय वन अधिकारी शिवम कुमार के अनुसार केंद्र के सुंदरीकरण के लिए शासन को नया प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके तहत चहारदीवारी निर्माण, तालाबों की मरम्मत, पानी की स्थायी व्यवस्था और कर्मचारियों की तैनाती जैसे कार्य कराए जाएंगे, ताकि काले हिरणों के इस महत्वपूर्ण आश्रय स्थल को फिर से जीवंत बनाया जा सके।

## Aligarh News: भीषण गर्मी में बिजली संकट, कई इलाकों में घंटों गुल रही सप्लाई

अलीगढ़ में भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था लगातार लड़खड़ाती नजर आ रही है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक शहर के कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कहीं फीडर ट्रिपिंग, कहीं अर्थ फाल्ट तो कहीं तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित रही। सोमवार सुबह शिवपुरी, रघुवीरपुरी और प्रतिभा कॉलोनी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली नहीं रही। वहीं बला ए किला सबस्टेशन की इनकमिंग नंबर-2 में सिटी साइड ब्लास्ट होने से करीब डेढ़ घंटे तक सप्लाई ठप रही।




एलमपुर पावर हाउस के साईं विहार फीडर से जुड़े जेपी ड्रीम्स फेज-1 कॉलोनी और सरसौल क्षेत्र में 33 केवी लाइन फेल होने से बिजली संकट गहरा गया। खैर बाईपास स्थित नगला कलार क्षेत्र में भी करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। भीषण गर्मी में बार-बार बिजली कटौती से लोगों को रातभर परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली विभाग का कहना है कि तकनीकी फाल्ट के कारण कुछ क्षेत्रों में समस्या आई थी, जिसे ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है। हालांकि लगातार हो रही कटौती से शहरवासियों में नाराजगी बढ़ रही है।

# Aaj Ka Rashifal 2 June:

## इन पांच राशि वालों को अचानक धन और यश प्राप्ति के योग,



02 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 02 जून 2026 का राशिफल।ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार 2 जून को एक साथ कई तरह के शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इस दिन चंद्रमा का गोचर देवगुरु बृहस्पति के स्वामित्व वाली राशि धनु में होगा। इस दौरान सभी 12 राशियों में ज्यादातर राशि वालों का भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा।

### मेष

आज घर में किसी खास मेहमान के आने से रौनक और खुशियों का माहौल बना रहेगा। आप उनकी खातिरदारी में व्यस्त रहेंगे और परिवार के साथ बिताया गया समय रिश्तों में नई मिठास घोल देगा। पुराने मनमुटाव भी धीरे-धीरे खत्म होते नजर आएंगे। कामों को टालने की आदत आज नुकसान दे सकती है, इसलिए जरूरी काम समय पर निपटाएं। किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा, जहां आपकी मौजूदगी लोगों को प्रभावित करेगी। साथ ही, अपने व्यस्त शेड्यूल में जीवनसाथी के लिए समय निकालना बेहद जरूरी रहेगा।

### वृषभ

आज अतीत की कोई पुरानी गलती अचानक सामने आ सकती है, जिससे रिश्तों में थोड़ी खटास आने की संभावना है। विरोधियों की बातों में आकर कोई निवेश करना नुकसानदायक साबित हो सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर बढ़ाएं। अच्छी बात यह है कि जीवनसाथी हर परिस्थिति में आपके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। संतान का जिद्दी स्वभाव आपकी चिंता बढ़ा सकता है, इसलिए उन्हें प्यार और समझदारी से संभालने की जरूरत होगी। उधार लेने से बचें, वरना बाद में आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

### मिथुन

आज धन और आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रुके हुए काम भी पूरे होने की संभावना है। यदि कोई प्रोजेक्ट या काम पैसों की वजह से अटका हुआ था, तो अब उसमें गति आएगी। सरकारी कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। आप अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए किसी अच्छी योजना में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। लंबे समय से अटका सरकारी मामला भी आज सुलझने के संकेत दे रहा है।

### कर्क

आज लेन-देन और पैसों से जुड़े मामलों में बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। आपके भीतर आगे बढ़ने और खुद को साबित करने की जबरदस्त इच्छा रहेगी। मेहनत से पीछे हटना आपके स्वभाव में नहीं होगा। परिवार में किसी से किया हुआ वादा निभाने के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। घूमने-फिरने का प्लान बन सकता है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। आपकी नेक सोच और अच्छे व्यवहार से लोग दिल से आपकी तारीफ करेंगे।

### सिंह

आज आपकी मीठी वाणी और विनम्र व्यवहार आपको लोगों के बीच खास पहचान दिलाएगा। समझदारी से कही गई बातें आपके रिश्तों को मजबूत बनाएंगी। आप तरक्की की ओर तेजी से कदम बढ़ाएंगे और पुराने कर्ज उतारने की कोशिश में भी सफल हो सकते हैं। परिवार में एकजुटता और अपनापन बना रहेगा। हालांकि दिखावे के चक्कर में ज्यादा खर्च करना आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। किसी सरकारी काम को पूरा करने के लिए दोस्त की मदद लेनी पड़ सकती है।

### कन्या

आज का दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई पुरानी डील आखिरकार फाइनल हो सकती है, जिससे मन को राहत मिलेगी। स्वादिष्ट भोजन और जीवनसाथी के साथ बिताए गए पल रिश्तों में और गहराई लाएंगे। कहीं घूमने जाने का प्लान बने, तो माता-पिता का आशीर्वाद लेकर ही निकलें। आपकी जल्दबाजी की आदत किसी काम में गड़बड़ी करा सकती है, इसलिए हर काम शांत मन से करें।

### तुला

आज आपको हर फैसला सोच-समझकर लेने की जरूरत होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है और जरूरी मेडिकल टेस्ट भी कराने पड़ सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, जहां आपकी सक्रियता और ईमानदारी लोगों को प्रभावित करेगी। घर में मेहमानों के आने से माहौल खुशनुमा और जीवंत बना रहेगा। परिवार के साथ बिताया गया समय मानसिक सुकून देगा।

### वृश्चिक

आज का दिन धैर्य और संयम से काम लेने का संदेश दे रहा है। जल्दबाजी में लिया गया कोई फैसला नुकसान पहुंचा सकता है। आप अपने लिए शॉपिंग कर सकते हैं और खुद पर खर्च करने का मन भी बनेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आय में बढ़ोतरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ पार्टी या किसी खास आयोजन की योजना बन सकती है, हालांकि उसमें खर्च भी खूब होगा।

### धनु

आज सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। खान-पान में लापरवाही परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए खुद का ध्यान रखें। लंबे समय से जिस घर या प्रॉपर्टी को खरीदने की कोशिश कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने के संकेत हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी आपका दिल खुश कर सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होगा और घर का माहौल भी सकारात्मक बना रहेगा।

### मकर

आज विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार रहेगा। परीक्षा या पढ़ाई से जुड़े परिणाम उम्मीद से बेहतर आ सकते हैं, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। आपके सम्मान में छोटी-सी पार्टी या सेलिब्रेशन भी हो सकता है। घूमने-फिरने की योजना बने, तो खर्चों पर नियंत्रण जरूर रखें। आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी छवि निखरकर सामने आएगी और सम्मान मिलने के संकेत हैं।

### कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में किसी की बात आपको दिल पर लग सकती है, जिससे रिश्तों में तनाव बढ़ने की संभावना है। हालांकि बॉस की सलाह और निर्देशों को गंभीरता से लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। लेन-देन से जुड़े मामलों में पूरी सतर्कता रखें। संतान को नौकरी या करियर के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक बिजनेस में सुधार देखने को मिलेगा, जिससे मन में संतोष और खुशी बनी रहेगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी सकारात्मक सोच आपको दूसरों से आगे ले जाएगी। नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। मन भगवान की भक्ति और आध्यात्म में डूबा रहेगा। हालांकि संतान के करियर को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है। घर में किसी मेहमान के आने से माहौल खुशनुमा हो जाएगा। किसी योजना में पैसा लगाने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करें और दूसरों के बहकावे में आने से बचें।

# प्रेम प्रसंग का खौफनाक अंत

## प्रेमी की हत्या कर शव के किए टुकड़े, दंपती गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। पुलिस के अनुसार, बकेवर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी 20 वर्षीय विजय निषाद की उसकी प्रेमिका किरन और उसके पति कामता ने मिलकर हत्या कर दी। आरोप है कि 8 मई को किरन ने विजय को अपने घर बुलाया, जहां पहले से मौजूद पति ने उस पर हमला कर उसकी जान ले ली। जांच में सामने आया कि हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए आरोपियों ने बाजार से ग्राइंडर मशीन खरीदी और शव के अंग अलग किए। बाद में अवशेषों को बोरे में भरकर जंगल ले जाया गया, जहां पेट्रोल डालकर जला दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सबूत भी नष्ट करने की कोशिश की। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के मुताबिक, कॉल डिटेल और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में दोनों ने हत्या की साजिश स्वीकार की। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बाइक, मोबाइल, ग्राइंडर मशीन, लकड़ी का चौखट और शव के अवशेष बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी दंपती ने इंटरनेट और वीडियो प्लेटफॉर्म के माध्यम से सबूत मिटाने और पुलिस जांच से बचने से जुड़ी जानकारी खोजी थी। हालांकि पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले का खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने दावा किया है कि हत्या में अन्य लोगों की भी भूमिका हो सकती है और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# यूपी: लखनऊ में आम आदमी के लिए

## बनने जा रहे हैं सस्ते फ्लैट, महज 10 लाख में मिल सकता है अपना घर; जानिए डिटेल



Flats in Lucknow: लखनऊ में अपना घर लेने वालों का सपना पूरा हो सकता है। एलडीए सस्ते कीमत वाले फ्लैट बनाने जा रहा है। एलडीए आम आदमी की पहुंच वाले करीब पांच हजार फ्लैट बनाने जा रहा है। इनके लिए जगह चिह्नित हो गई है। ये फ्लैट 10 से 30 लाख तक के होंगे। दीपावली तक इनके लिए पंजीकरण भी खोले जाने के लिए तैयारी हो रही है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में मध्यम और अल्प आय वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने की दिशा में पांच जगहों पर आवासीय योजनाएं लांच की जाएंगी। इनको लेकर तैयारी हो गई है। जिन जगहों पर ये योजनाएं लाई जाएंगी, उनमें सीतापुर रोड पर शिया पीजी कॉलेज के पास, शारदा नगर विस्तार, बसंतकुंज, अनंत नगर योजना और ऐशबाग योजना शामिल है। इनमें एलआईजी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट बनाए जाएंगे, जिनका क्षेत्रफल लगभग 50 वर्गमीटर और 38 वर्गमीटर तक होगा। इनमें आवंटियों की सुविधा के लिए पैसेंजर लिफ्ट, सर्विस लिफ्ट का प्रावधान किया जाएगा। वाहनों के लिए बेसमेंट व स्टिल्ट पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा पार्क एवं ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा। इनका पंजीकरण दीपावली या उससे पहले भी खोला जा सकता है।

# सलमान खान को आया गुस्सा!

**भाईजान की लीगल टीम ने 'काला हिरण' के निर्माता-निर्देशक को भेजा नोटिस; दी ये चेतावनी**



Kala Hiran: सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस मामले पर फिल्म बनाने वालों को सलमान खान की टीम ने लीगल नोटिस भेजा है।बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई के बीच का विवाद चर्चा में है। इस विवाद के पीछे की अहम वजह 1998 में काले हिरण का शिकार का मामला है। इस मामले पर फिल्म 'काला हिरण' बनाई जा रही है।

# कैसा होगा 'पंचायत' का सीजन 5?



Panchayat Season 5: 'पंचायत' सीजन 5 में दर्शकों को एक बार फिर फुलेरा गांव की वही जानी-पहचानी दुनिया देखने को मिलेगी। इस बार कहानी में राजनीति, भावनाओं और कॉमेडी का तड़का और भी ज्यादा बड़ा और बेहतर होने वाला है।वेब सीरीज 'पंचायत' सीजन 5' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। हाल ही में शो में 'विकास' का किरदार निभाने वाले अभिनेता चंदन रॉय ने आने वाले सीजन को लेकर कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं।चंदन रॉय ने बताया कि 'पंचायत' का अगला सीजन पहले से कहीं ज्यादा मजेदार और शानदार होने वाला है। जब उनसे सीजन 5 के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सिर्फ तीन शब्दों में इसका राज खोलते हुए कहा, 'बड़ा, बेहतर और खूबसूरत।'वैराइटी इंडिया के अनुसार, चंदन रॉय का कहना है कि शुरुआत में विकास सिर्फ एक कॉमेडी किरदार था, लेकिन चार सीजनों के सफर में वह दर्शकों के दिलों के बहुत करीब आ गया है। विकास की सादगी और उसकी सच्ची भावनाएं ही हैं, जिसकी वजह से लोगों ने उसे इतना प्यार दिया है। इस शो की सबसे अच्छी बात यह है कि समय के साथ हर किरदार की कहानी और उनके आपसी रिश्ते बदलते रहते हैं।चंदन रॉय का हुनर सिर्फ फुलेरा गांव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चमक रहा है। उनकी फिल्में 'आरजे बस्तर' और 'द लास्ट राइड' की चर्चा कान फिल्म फेस्टिवल में हुई। उनकी एक और फिल्म '

# वीकएंड पर कैसा रहा 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का कलेक्शन? करुप्पु' और 'दृश्यम 3' की कमाई में आया उछाल



Box Office Collection: इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में लगी हुई हैं। इस बीच जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' भी रिलीज हो गई है। आइए जानते हैं इन सभी फिल्मों ने रविवार को कितना कलेक्शन किया है। सिनेमाघरों में हाल ही में जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में बॉलीवुड की फिल्में, पति-पत्नी और वो दो' और 'चांद मेरा दिल' पहले से चल रही हैं। वहीं साउथ की फिल्में 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' भी बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा रही हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि रविवार को कौन सी फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। नई रिलीज हुई फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' ने तीसरे दिन यानी रविवार को 56 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इससे पहले इसने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। पहले दिन फिल्म ने 25 लाख रुपये से खाता खोला था। फिल्म का टोटल कलेक्शन 1.31 करोड़ रुपये हो गया है। यह 29 मई 2026 को थिएटर में रिलीज हुई थी। ये बच्चों की फिल्म है, जो एलियंस और सुपरहीरो पर आधारित है। लक्ष्य और अनन्या पांडे की अदाकारी वाली फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों


# IPL 2026: 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने जीती ऑरेंज कैप गिल-सुदर्शन को छोड़ा पीछे

आईपीएल 2026 का सीजन कई यादगार प्रदर्शनों के लिए याद रखा जाएगा, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय बल्लेबाज Vaibhav Sooryavanshi की रही। युवा बल्लेबाज ने अपने शानदार खेल से न केवल क्रिकेट जगत को प्रभावित किया, बल्कि पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर ली। वैभव ने 16 मैचों में 776 रन बनाए और सीजन के शीर्ष रन स्कोरर रहे। ऑरेंज कैप की दौड़ में Shubman Gill और Sai Sudharsan भी मजबूती से बने हुए थे। गुजरात टाइटंस के दोनों बल्लेबाजों ने पूरे सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल मुकाबले में बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। गिल ने 16 मैचों में 732 रन और सुदर्शन ने 17 मैचों में 722 रन बनाए, जबकि वैभव का रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सका। वैभव सूर्यवंशी का यह प्रदर्शन इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने महज 15 साल की उम्र में अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इस सीजन उनके बल्ले से एक शतक और पांच अर्धशतक निकले। उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जो टूर्नामेंट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में उन्हें शामिल करता है।



# Virat-Anushka: RCB की जीत पर जश्न में डूबे विराट और अनुष्का, तस्वीरें हुईं वायरल

आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस जीत में विराट कोहली की अहम भूमिका रही, वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी पूरे मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाती नजर आईं। जीत के बाद दोनों के कई भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हुए, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। मैच के दौरान विराट कोहली ने अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद स्टैंड्स में बैठी अनुष्का शर्मा की ओर फ्लाइंग किस भेजी। जवाब में अनुष्का ने भी मुस्कुराते हुए विराट की ओर फ्लाइंग किस भेजी। यह खूबसूरत पल फैंस को काफी पसंद आया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में दोनों के बीच दिखी यह बॉन्डिंग चर्चा का विषय बन गई। खिताबी जीत के बाद मैदान पर विराट और अनुष्का साथ नजर आए।





दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते हुए बेहद खुश दिखाई दिए। विराट ने प्यार से अनुष्का के कंधे पर हाथ रखा और दोनों ने आईपीएल ट्रॉफी के साथ कई तस्वीरें खिंचवाईं। कैमरों के सामने कपल ने विक्ट्री साइन बनाकर पोज दिए और जीत की खुशी खुलकर जाहिर की। एक तस्वीर में विराट और अनुष्का ट्रॉफी को गौर से देखते नजर आए। बताया जा रहा है कि ट्रॉफी पर आरसीबी का नाम दो बार दर्ज होने की बात देखकर दोनों मुस्कुरा पड़े। मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के साथ भी उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। जीत की खुशी में विराट अपने फैंस को भी नहीं भूले। उन्होंने मैदान से दर्शकों का अभिवादन किया और टीम को समर्थन देने के लिए उनका आभार जताया। फैंस भी लगातार विराट और अनुष्का के नाम के नारे लगाते रहे, जिससे स्टेडियम का माहौल और भी खास बन गया।

# The Bonus Market Update:

## शेयर बाजार में बिकवाली जारी; सेंसेक्स 350 अंक टूटा, निफ्टी 23300 से फिसला




भारतीय शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन बिकवाली हावी है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 302 अंक टूटकर 73,965 पर और निफ्टी 23,300 के नीचे फिसला। बाजार का ताजा हाल और रुपये की चाल जानने के लिए हमारी विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। लगातार पांचवें दिन बाजार में बिकवाली दिखी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 350 अंकों तक गिर गया। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 100 अंक टूटकर 23300 से नीचे आ गया।सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 302.16 (-0.40%) अंकों की गिरावट के साथ 73,965.18 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 105.00 (-0.45%) अंक टूटकर 23,277.60 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी दिखी। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 16 पैसे बढ़कर 95.03 पर पहुंच गया।देश के बड़े कारोबारी और वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से छापेमारी की जा रही है। समाचार एजेंसी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की ओर से यह तलाशी अभियान फेमा के नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामले में चलाया जा रहा है।प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को वेदांता समूह के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान ईडी ने कई जगहों पर छापेमारी की। कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह पर ईडी ने फेमा उल्लंघन मामले में यह कार्रवाई की है।

# Biz Updates:

## बिजली मांग बढ़ने के बाद भी कोयला उत्पादन घटा

बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद कोल इंडिया का कोयला उत्पादन मई, 2026 में सालाना आधार पर 11.6 फीसदी बढ़कर 5.61 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.35 करोड़ टन रहा था। वहीं, अप्रैल-मई में उत्पादन 10.6 फीसदी घट गया। हालांकि, कंपनी ने उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया।सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ अनुमानित था। इसे संशोधित कर 15,58,492 करोड़ किया गया था। बीते वित्त वर्ष सरकार ने 33.42 लाख करोड़ का राजस्व संग्रह किया, जो संशोधित बजट अनुमान का 98.8 फीसदी है। कुल खर्च 49.64 लाख करोड़ रहा। अप्रैल, 2025 में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार 5.7 फीसदी थी। हालांकि, मार्च, 2026 के 3.2 फीसदी की तुलना में औद्योगिक उत्पादन बढ़ा है। वस्तुओं की संशोधित सूची में 1,042 उत्पाद शामिल हैं



### विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के शीर्ष पर

घरेलू मांग, नए ऑर्डर में वृद्धि और बुनियादी ढांचे पर खर्च के दम पर विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मई, 2026 में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। कच्चे तेल में उछाल के कारण उपजी महंगाई के दबाव के बीच एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधन सूचकांक (पीएमआई) बीते माह 55 पहुंच गया, जो अप्रैल में 54.7 था। पीएमआई का यह आंकड़ा विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार का संकेत है और पिछले तीन महीनों में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। सर्वे के मुताबिक, मई में कंपनियों को फरवरी के बाद सबसे तेजी से नए ऑर्डर मिले और उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (इंडिया) प्रांजुल भंडारी ने कहा, ईरान संकट के बीच लागत बढ़ने के बाद भी कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद बढ़ाई। घरेलू बाजार ने विनिर्माण वृद्धि को सर्वाधिक समर्थन दिया, जबकि निर्यात ऑर्डरों में बढ़ोतरी अपेक्षाकृत धीमी रही। इनपुट महंगाई अप्रैल के मुकाबले कुछ कम रही पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर घटकर 4.9 फीसदी रह गई।


# अमेरिका-ईरान तनाव से सर्राफा बाजार में उथल-पुथलः सोना ₹2,500 टूटा, चांदी भी ₹5,000 लुढ़की

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और महंगे कच्चे तेल के कारण भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। आइए सर्राफा बाजार की चाल के बारे में जानते हैं, विस्तार से।पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर अब सर्राफा बाजार पर दिखाई दे रहा है। वैश्विक बाजारों में आई इस उथल-पुथल और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, सोमवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस भारी गिरावट के पीछे भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत होता डॉलर मुख्य कारण हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट (कमोडिटीज) सौमिल गांधी के अनुसार, सप्ताह की शुरुआत में सोने में कमजोरी दर्ज की गई, अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया, जहां हाजिर सोना लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 4,504.97 डॉलर प्रति औंस पर आ गया है।सर्राफा बाजार में फिलहाल अनिश्चितता और रिस्क-ऑफ (जोखिम से बचने) का माहौल है। निवेशकों और ट्रेडर्स की नजरें अब कई अहम वैश्विक ट्रिगर्स पर टिकी हुई हैं। कायनात चैनवाला के मुताबिक, इस हफ्ते बाजार के भागीदार अमेरिका के जॉब्स डेटा, फेडरल रिजर्व के अधिकारियों और अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट की टिप्पणियों पर करीब से नजर रखेंगे। इसके साथ ही, कीमती धातुओं की नई दिशा तय करने के लिए पश्चिम एशिया में होने वाले नए घटनाक्रमों पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी।कीमती धातुओं की नई दिशा तय करने के लिए पश्चिम एशिया में होने वाले नए घटनाक्रमों पर भी बारीकी से नजर रखी जाएगी।सर्राफा बाजार में फिलहाल अनिश्चितता और रिस्क-ऑफ (जोखिम से बचने) का माहौल है।



अखिल भारतीय सर्राफा संघ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कीमती धातुओं के भाव धड़ाम हो गए। बाजार में बिकवाली के अहम आंकड़े इस प्रकार हैं:99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये (1.53%) की भारी गिरावट के साथ 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में यह 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट देखी गई है। यह 5,000 रुपये (लगभग 2%) फिसलकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। पिछले सत्र में इसका भाव 2,74,700 रुपये था। (नोट: ये सभी कीमतें टैक्स सहित हैं)।इसके विपरीत, दिलचस्प बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चांदी में 1 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है और यह 75.93 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है।

## लंबी छुट्टियों से तौबा!: एशिया में सबसे कम छुट्टियां लेते हैं



यह रिपोर्ट 2025 में डील के एपीएसी प्लेटफॉर्म पर मौजूद 4,500 से अधिक पूर्णकालिक कर्मचारियों के डेटा पर आधारित है। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भारतीय कर्मचारियों द्वारा ली गई औसत छुट्टियां केवल 12 दिन की थीं। सबसे दिलचस्प बात यह है

भारतीय कर्मचारी अपनी तय छुट्टियों का पूरा इस्तेमाल क्यों नहीं कर पा रहे हैं? ऑफिस के प्रेशर से लेकर त्योहारी कल्चर तक, एचआर कंपनी की इस नई रिपोर्ट का पूरा विश्लेषण आसान भाषा में पढ़ें।भारत में नौकरीपेशा लोगों को छुट्टियां तो अच्छी-खासी मिलती हैं, लेकिन जब बात उन्हें इस्तेमाल करने की आती है, तो वे एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में अपने समकक्षों से काफी पीछे रह जाते हैं। हाल ही में एचआर और पेरोल कंपनी डील की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट से साफ होता है कि छुट्टियां उपलब्ध होने के बावजूद, भारतीय कर्मचारी काम से ब्रेक लेने में काफी सावधानी बरतते हैं और एक साथ लंबी छुट्टियों पर जाने के बजाय छोटे ब्रेक लेना ज्यादा पसंद करते हैं।

## जब विराट से मिले वैभव: पहले किया नमस्ते फिर हुआ हैंडशेक किंग ने कंधे पर हाथ रख की तारीफ आई चेहरे पर मुस्कान



आईपीएल 2026 फाइनल के बाद विराट कोहली और युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी की मुलाकात ने करोड़ों क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीत लिया। वैभव ने नमस्ते कर विराट का अभिवादन किया, जबकि कोहली ने कंधे पर हाथ रखकर उनकी हौसला-अफजाई की और यह खूबसूरत पल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आईपीएल 2026 के फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जश्न अपने चरम पर था। आतिशबाजी से आसमान जगमगा रहा था, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का उत्सव मना रही थी और हजारों दर्शक इस ऐतिहासिक पल के गवाह थे। लेकिन इसी शोर और चमक-दमक के बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने क्रिकेट प्रेमियों के दिलों को छू लिया। यह पल था भारतीय क्रिकेट के वर्तमान और भविष्य की मुलाकात का। एक तरफ थे विराट कोहली, जिन्होंने अपनी शानदार बल्लेबाजी से आरसीबी को खिताब तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ थे महज 15 साल के वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने पूरे आईपीएल 2026 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित किया। फाइनल के बाद जब खिलाड़ी और मेहमान मैदान पर मौजूद थे, तभी विराट कोहली की नजर वैभव सूर्यवंशी पर पड़ी। भारतीय क्रिकेट के इस युवा सितारे ने अपने आदर्श विराट को देखते ही दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते किया। विराट ने भी बड़े स्नेह के साथ उनका अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद दोनों के बीच हैंडशेक हुआ। कोहली ने वैभव के कंधे पर हाथ रखा और कुछ देर उनसे बातचीत की।

## ICC Suspends Cricket Canada: आईसीसी का बड़ा एक्शन क्रिकेट कनाडा की सदस्यता निलंबित खिलाड़ियों को राहत

आईसीसी ने सदस्यता नियमों के गंभीर उल्लंघन के चलते क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। हालांकि, खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कनाडा की राष्ट्रीय टीमों को आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने और निर्धारित फंडिंग प्राप्त करने की अनुमति जारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने क्रिकेट कनाडा की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आईसीसी ने यह फैसला कनाडाई क्रिकेट बोर्ड द्वारा सदस्यता संबंधी दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के चलते लिया है। हालांकि, वैश्विक क्रिकेट संस्था ने स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक विफलताओं का खामियाजा खिलाड़ियों को नहीं भुगतना पड़ेगा। आईसीसी बोर्ड ने फैसला किया है कि निलंबन के बावजूद कनाडा की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमें आईसीसी के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पात्र बनी रहेंगी।



परिषद का मानना है कि खिलाड़ियों को उन मुद्दों के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए, जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है। इसके अलावा, क्रिकेट कनाडा को आईसीसी की ओर से वित्तीय सहायता मिलती रहेगी। हालांकि यह फंडिंग आईसीसी प्रबंधन की निगरानी में नियंत्रित तरीके से जारी की जाएगी और इसका उपयोग केवल राष्ट्रीय टीमों के कार्यक्रमों एवं खिलाड़ियों की तैयारियों पर ही किया जा सकेगा। आईसीसी ने कहा है कि यह निलंबन स्थायी नहीं है। क्रिकेट कनाडा को सदस्यता बहाल कराने के लिए कुछ निर्धारित शर्तों और सुधारात्मक कदमों को पूरा करना होगा। इन सुधारों की निगरानी आईसीसी की नॉर्मलाइजेशन कमेटी और आईसीसी प्रबंधन संयुक्त रूप से करेंगे सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुशासन संबंधी सुधार लागू होने पर विचार किया जाएगा।

## 2016 में रन मशीन 2026 में मैच विनर: कौन से कोहली रहे ज्यादा दमदार? केवल स्ट्राइक रेट नहीं इम्पैक्ट भी देखें



विराट कोहली ने 2016 में रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे, लेकिन 2026 में कम रन बनाकर भी अधिक प्रभाव छोड़ा। 165.85 के स्ट्राइक रेट, बेहतर टीम रोल, तेज बल्लेबाजी और आरसीबी को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने में उनकी भूमिका ने 2026 के सीजन को उनके सबसे प्रभावशाली आईपीएल अभियानों में शामिल कर दिया। जब भी विराट कोहली के सर्वश्रेष्ठ आईपीएल सीजन की बात होगी तो सबसे पहले 2016 का नाम लिया जाएगा। 16 मैच, 973 रन, चार शतक, सात अर्धशतकऔर 152.03 का स्ट्राइक रेट। यह ऐसा रिकॉर्ड है जो आज भी आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा व्यक्तिगत बल्लेबाजी प्रदर्शन माना जाता है, लेकिन आईपीएल 2026 के बाद एक दिलचस्प बहस शुरू हो गई है। क्या 675 रन बनाने वाला विराट कोहली वास्तव में 973 रन वाले विराट से ज्यादा प्रभावशाली है? पहली नजर में यह सवाल अजीब लगता है। आखिर 300 रन कम बनाने वाला सीजन बेहतर कैसे हो सकता है? लेकिन टी20 क्रिकेट सिर्फ रन गिनने का खेल नहीं है। यह रन बनाने की गति, मैच पर प्रभाव और टीम की सफलता का भी खेल है। यहीं 2026 का विराट 2016 वाले विराट को चुनौती देता दिखाई देता है। 2016 में विराट ने 16 मैचों में 973 रन बनाए थे। उनका औसत 81.08 और स्ट्राइक रेट 152.03 रहा था। उन्होंने 83 चौके और 38 छक्के लगाए थे। दूसरी तरफ 2026 में उन्होंने 16 मैचों में 675 रन बनाए, औसत 56.25 रहा, लेकिन स्ट्राइक रेट बढ़कर 165.85 तक पहुंच गया। उन्होंने 73 चौके और 25 छक्के लगाए। सिर्फ इन आंकड़ों को देखें तो मुकाबला खत्म हो जाता है। 2016 का सीजन आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा बल्लेबाजी सीजन माना जाता है। लेकिन सवाल यह नहीं है कि किसने ज्यादा रन बनाए। सवाल यह है कि टी20 क्रिकेट में टीम को ज्यादा फायदा किस विराट ने पहुंचाया? 2026 में रन कम थे लेकिन रन बनाने की रफ्तार कहीं ज्यादा थी। असल अंतर विराट की सोच में दिखा। 2016 में आरसीबी काफी हद तक विराट कोहली और एबी डिविलियर्स पर निर्भर थी। तब विराट मध्यक्रम में उतरते थे और एंकर का किरदार निभाते थे। उनका काम एक छोर को बचाए रखना और बाकी बल्लेबाजों को आक्रमक होकर खेलने देना होता था। वह भी रन गति को बनाए रखते थे। विराट को अक्सर लंबी पारी खेलनी पड़ती थी



क्योंकि टीम की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। यही वजह थी कि उन्होंने 63 गेंदों में 100* गेंदों में 108*, 55 गेंदों में 109 संभाल रहे थे।

## RCB की सफलता में भुवनेश्वर का अहम योगदान: कोच ने की सराहना कहा- अगर वो न होता तो लगातार दो ट्रॉफी नहीं जीतते

आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने भुवनेश्वर कुमार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले दो सीजन में दबाव के मौकों पर उनके शानदार प्रदर्शन के बिना टीम लगातार दो आईपीएल खिताब नहीं जीत पाती। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की जमकर सराहना करते हुए कहा कि पिछले दो आईपीएल सीजन में टीम की सफलता के पीछे उनका योगदान बेहद अहम रहा है। फ्लावर ने यहां तक कहा कि अगर भुवनेश्वर दबाव के मौकों पर लगातार शानदार प्रदर्शन नहीं करते, तो आरसीबी शायद लगातार दो बार खिताब जीतने में सफल नहीं हो पाती। आरसीबी ने रविवार को खेले गए आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लावर ने टीम के अनुभवी खिलाड़ियों की भूमिका को सफलता की सबसे बड़ी



बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा, 'भुवी पिछले दो सीजन से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर उन्होंने दबाव भरे मुकाबलों में बार-बार मैच जिताऊ प्रदर्शन नहीं किया होता, तो शायद हमें पिछले दो वर्षों में यह सफलता नहीं मिलती। आईपीएल 2025 में 17 विकेट लेने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 2026 सीजन में अपने प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए 28 विकेट झटके। वह इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे। गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा ने 29 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की। फ्लावर ने कहा कि टीम में मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में भी ड्रेसिंग रूम का माहौल शांत और सकारात्मक बनाए रखा। उन्होंने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हमारे ड्रेसिंग रूम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो दबाव में भी शांत रहते हैं। विराट कोहली, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या जैसे खिलाड़ी टीम को आत्मविश्वास और स्थिरता प्रदान करते हैं।' कोच के मुताबिक, आईपीएल के प्लेऑफ मुकाबलों का दबाव विश्व कप के नॉकआउट मैचों और एशेज सीरीज जैसे बड़े टूर्नामेंटों के बराबर होता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े मुकाबले खेल चुके खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

